ATOMIC ENERGY CENTRAL SCHOOL NO. 3

RAWATBHATA

CLASS 09 - HINDI A

आत्मविश्वास परीक्षण भाग-1

Time Allowed: 3 hours **Maximum Marks: 80**

General Instructions:

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग, और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

Section A

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[10]**

प्रजातंत्र के तीन मुख्य अंग हैं-कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका। प्रजातंत्र की सार्थकता एवं दृढ़ता को ध्यान में रखते हुए और जनता के प्रहरी होने की भूमिका को देखते हुए मीडिया (दृश्य, श्रव्य और मुद्रित) को प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में देखा जाता है। समाचार-माध्यम या मीडिया को पिछले वर्षों में पत्रकारों और समाचार-पत्रों ने एक विश्वसनीयता प्रदान की है और इसी कारण विश्व में मीडिया एक अलग शक्ति के रूप में उभरा है। प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मिडिया के दो विशेष अंग है| प्रिंट मिडिया के अंतर्गत समाचार-पत्र,पत्रिकाएँ आदि और इलेक्ट्रोनिक मिडिया के अंतर्गत में टेलीविजन, रेडियों आदि हैं|

कार्यपालिका और विधायिका की समस्याओं, कार्य-प्रणाली और विसंगतियों की चर्चा मिडिया में प्राय: होती रहती है और सर्वसाधारण में वे विशेष चर्चा के विषय रहते ही हैं। न्यायपालिका प्रजातंत्र का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है, परंतु इसकी चर्चा मीडिया में कम होती है, क्योंकि उसमें पारदर्शिता अधिक होती है। ऐसा केवल अपने देश में ही नहीं, अन्य देशों में भी कमोबेश यही स्थिति है।

स्वराज-प्राप्ति के बाद और एक लिखित संविधान के देश में लागू होने के उपरांत लोकतंत्र के तीनों अंगों के कर्तव्यों, अधिकारों और दायित्वों के बारे में जनता में जागरूकता बढ़ी है। संविधान-निर्माताओं का उद्देश्य रहा है कि तीनो अंग परस्पर ताल-मेल से कार्य करेंगे। तीनों के पारस्परिक संबंध भी संविधान द्वारा निर्धारित, फिर भी समय के साथ-साथ कुछ समस्याएँ उठ खड़ी होती हैं। आज लोकतंत्र यह महसूस करता है कि न्यायपालिका में भी अधिक पारदर्शिता हो, जिससे उसकी प्रतिष्ठा और सम्मान बढ़े।

i. लोकतंत्र के तीनों अंगों का नामोल्लेख कीजिए। चौथा अंग किसे माना जाता है? **(2)**
ii. लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका स्पष्ट कीजिए। **(2)**
iii. अत्यंत महत्वपूर्ण अंग होने के बावजूद न्यायपालिका के बारे में मीडिया में कम चर्चा क्यों होती है? **(2)**
iv. 'पारदर्शिता' से क्या तात्पर्य है? **(2)**
v. मीडिया के कोई दो उदाहरण दीजिए। **(1)**
vi. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए। **(1)**

Section B

2. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए- **[4]**

निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग एवं मूल शब्द अलग करके लिखिए- (किन्ही दो) (2)

i. आपूर्ति
ii. सपाट
iii. संसार

निम्नलिखित मूल शब्दों में प्रत्यय जोड़कर बनने वाले शब्द लिखिए- (किन्ही दो) (2)

i. विद्या + वान
ii. उदार + ता
iii. चालाक + ई

3. निम्नलिखित सामासिक विग्रह कीजिए एवं समास भी लिखिए- **[4]**

i. यथाशक्ति
ii. नवग्रह
iii. देशभक्ति
iv. नीलगाय

4. I. अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद लिखिए- (किन्हीं दो) (2) **[4]**

i. भगवान तुम्हें दीर्घायु करें।
ii. अहा! कितना सुन्दर उपवन है।
iii. तुम आओगे तो मैं चला जाऊँगा।

II. अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों में परिवर्तन कीजिए- (किन्हीं दो) (2)

i. क्या उर्वशी बाज़ार जाएगी? (विधानवाचक वाक्य)

ii. तृप्ति हिंदी भी पढ़ लेती है। (इच्छावाचक वाक्य)

iii. काश! मैं भी पुस्तकालय जाता। (प्रश्नवाचक वाक्य)

5. निम्नलिखित काव्यांशों के अलंकार भेद पहचान कर लिखिए- (किन्हीं चार) **[4]**

i. चारू चंद की चंचल किरणें

ii. तीन बेर खाती थी वह तीन बेर खाती थी

iii. जा तन की झाई परे, श्याम हरित दुति होय

iv. बीती विभावरी जाग री अम्बर पनघट में डुबो रही तारा घट उषा नागरी।

v. माली आवत देख के, कलियाँ करे पूकार।

Section C

6. **निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **[6]**

पर पाषाण-हृदय वाले जनरल ने उसकी अन्तिम इच्छा भी पूरी होने न दी। उसी समय मैना के हाथ में हथकड़ी पड़ी और वह कानपुर के किले में लाकर कैद कर दी गयी। उस समय महाराष्ट्रीय इतिहासवेत्ता महादेव चिटनवीस के "बाखर" पत्र में छपा था-

कल कानुपर के किले में एक भीषण हत्याकाण्ड हो गया। नाना साहब की एकमात्र कन्या मैना धधकती हुई आग में जलाकर भस्म कर दी गयी। भीषण अग्नि में शान्त और सरल मूर्ति उस अनुपमा बालिका को जलती देख, सब ने उसे देवी समझ कर प्रणाम किया।"

i. किसने, किसकी और कौन-सी इच्छा पूरी नहीं होने दी?

ii. अंग्रेज़ों द्वारा मैना पर किए गए अत्याचार को अपने शब्दों में लिखिए।

iii. लोगों ने मैना के प्रति अपनी श्रद्धा कैसे प्रकट की?

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिये: **[8]**

a) 'दो बैलों की कथा' पाठ में आए किन्हीं दो जीवन मूल्यों को प्रसंग सहित लिखिए।

b) पंक्ति में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए- तुम परदे का महत्व ही नहीं जानते, हम परदे पर कुर्बान हो रहे हैं।

c) किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया?

d) लेखक ने अपने यात्रा-वृत्तांत में तिब्बत की भौगोलिक यात्रा का जो चित्र खींचा है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

e) जवारा के नवाब के साथ अपने पारिवारिक संबंधों को लेखिका महादेवी वर्मा ने आज के संदर्भ में स्वप्न जैसा क्यों कहा है?

8. **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[6]**

क्या गाती हो?
क्यों रह-रह जाती हो?
कोकिल बोलो तो!
क्या लाती हो?
संदेशा किसका है?
कोकिल बोलो तो!
ऊँची काली दीवारों के घेरे में,
डाकू, चोरों, बटमारों के डेरे में,
जीने को देते नहीं पेट-भर खाना,
मरने भी देते नहीं, तड़प रह जाना!
जीवन पर अब दिन-रात कड़ा पहरा है,
शासन है, या तम का प्रभाव गहरा है?
हिमकर निराश कर चला रात भी काली,
इस समय कालिमामयी जगी क्यूँ आली?

i. कवि कहाँ रहकर कोयल से बातें कर रहा है और क्यों?

ii. पराधीन भारत की जेलों में स्वाधीनता सेनानियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता था?

iii. कोयल की कूँक में कवि संदेश होने का अनुमान क्यों लगा रहा है?

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिये: **[8]**

a) कबीर ने ईश्वर-प्राप्ति के लिए किन प्रचलित विश्वासों का खंडन किया है?

b) आपके विचार से कवि पशु, पक्षी और पहाड़ के रूप में भी कृष्ण का सान्निध्य क्यों प्राप्त करना चाहता है?

c) इस विजन में .... अधिक हैं -पंक्तियों में नगरीय संस्कृति के प्रति कवि का क्या आक्रोश है और क्यों? चंद्र गहना से लौटती बेर के सन्दर्भ में बताइए।

d) मेघ आए कविता में अतिथि का जो स्वागत-सत्कार हुआ है, उसमें भारतीय संस्कृति की कितनी झलक मिली है, अपने शब्दों में लिखिए।

e) कवि का मानना है कि बच्चों के काम पर जाने की भयानक बात को विवरण की तरह न लिखकर सवाल के रूप में पूछा जाना चाहिए कि **काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे?** कवि की दृष्टि में उसे प्रश्न के रूप में क्यों पूछा जाना चाहिए?

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिये: **[6]**

a) लेखिका की नानी ने स्वतंत्रता सेनानी प्यारे लाल शर्मा से कौन-सी इच्छा प्रकट की? यह इच्छा उन्होंने अपने पति से क्यों नहीं बताई? मेरे संग की औरतें पाठ के आधार पर बताइए।

b) रीढ़ की हड्डी एकांकी का क्या उद्देश्य है? लिखिए।

c) गरीब आदमी का श्मशान नहीं उजड़ना चाहिए। माटी वाली पाठ के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

Section D

11. **पुस्तकालय के लाभ** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दो में निबंध लिखिए। **[10]**

- पुस्तकालय का तात्पर्य
- पुस्तकालय ज्ञान का भंडार
- पुस्तकालय के प्रकार
- उपयोगिता
- निष्कर्ष।

OR

रेलवे प्लेटफार्म का दृश्य विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दो में निबंध लिखिए।

- भूमिका
- पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का आँखें देखा वर्णन
- टिकट लेने के दौरान संघर्ष
- कोलाहलपूर्ण वातावरण
- भीड़ देखकर वापस घर आना।

OR

देश के प्रति नागरिकों के कर्तव्य विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दो में निबंध लिखिए।

- देश सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण
- देश के प्रति लगाव
- देश के प्रति ईमानदारी
- देश के प्रति सम्मान
- नि:स्वार्थ प्रेम
- कर्तव्य का भली प्रकार से निर्वहन।

12. आपके मोहल्ले में कुछ लोगों ने अनधिकृत फैक्ट्रियाँ तथा छोटे-छोटे कल-कारखाने लगा रखे हैं, जिससे प्रदूषण एवं शोर होने के कारण वहाँ रहना मुश्किल हो गया है। इस समस्या का उल्लेख करते हुए नवभारत टाइम्स के संपादक को पत्र लिखिए। **[5]**

OR

पिछली कक्षा में आपने अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसके लिए आपको विद्यालय के वार्षिकोत्सव में सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाना है। इस अवसर पर आपकी माता जी उपस्थित रहें। माता जी को बुलाने के लिए पत्र लिखिए।

13. देश में व्याप्त भ्रष्टाचार पर मोहित और राहुल दो मित्रों के बीच होने वाले संवाद को लिखिए। **[5]**

OR

परीक्षा से पहले परीक्षा भवन के बाहर दो छात्रों के बीच होने वाले संवाद को लिखिए।